झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

31 May 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Daily Current Affairs Booster


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 31 मई का इतिहास

- **1774 :** भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
- **1867 :** बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।
- **1921 :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार में किया गया।
- **1964 :** बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम अंतिम बार चली।
- **1959 :** बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।
- **1878 :** अमेरिकी कांग्रेस ने डॉलर के सर्कुलेशन को घटाया।

## 31 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- आयुष और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने भारत में यूनानी चिकित्सा प्रणाली के विकास को बढ़ावा देने और मदद करने के लिए हाथ मिलाया हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत 45.34 करोड़ दिये गये हैं, जो एक केंद्र प्रायोजित योजना हैं। हैदराबाद, चेन्नई, लखनऊ, सिलचर और बेंगलुरू में इस योजना के समर्थन से यूनानी चिकित्सा को अपग्रेड किया जाएगा।
- आर.एन. जयप्रकाश और मोनाल डी. चोकशी को भारतीय तैराकी महासंघ की एनुअल जनरल बॉडी में फिर से अध्यक्ष और सचिव चुना गया। अगले चार वर्षो के लिए एसएफआई की लक्षित गतिविधियां राज्य स्तर पर शिविरों और कोचों के क्लीनिक आयोजित करके जमीनी स्तर की भागीदारी विकसित करना होगा। जयप्रकाश को चेन्नई में आयोजित वार्षिक आम सभा की बैठक और चुनाव में सर्वसम्मति से एसएफआई का अध यक्ष चुना गया। यह कार्यक्रम नए पदाधिकारियों के चुनाव की सुविधा के उद्देश्य से आयोजित किया गया था जो भारत में तैराकी के भविष्य को आगे बढ़ाएंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए संसद भवन का उद्घाटन किया, जिसमें इसकी उत्कृष्ट कलाकृति का प्रदर्शन किया गया और इसके कई मुख्य आकर्षणों में सेंगोल नामक एक औपचारिक राजदंड हुआ।
- केंद्रीय स्वास्थ्य ओर परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सक्षम कार्यबल द्वारा केंद्रित उत्पादन को बढ़ावा देने ओर संगठनों के भीतर एक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने में क्षमता निर्माण योजनाओं के महत्व पर जोर दिया। ये योजनाएं राजमार्गो के रूप में काम करती हैं जो व्यक्तियों को साझा लक्ष्यों और दृष्टि के साथ एक टीम के रूप में एक साथ काम करने में सक्षम बनाती हैं।
- जर्मनी में अंतर्राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग सम्मेलन सी-डैक, पुणे में स्थित एआई सुपरकंप्यूटर ऐरावत ने प्रतिष्ठित शीर्ष 500 ग्लोबल सुपरकंप्यूटिंग सूची में 75वें स्थान पर एक प्रभावशाली वैश्विक रैंकिंग हासिल की। यह उपलब्धि एआई सुपरकंप्यूटिंग के क्षेत्र में भारत को एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित करती हैं।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने लखनऊ में आजादी का मातृ महोत्सव के तहत 50,000 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए SAMARTH अभियान शुरू किया।
- फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसांटिस ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। रॉन डीसांटिस को डोनाल्ड ट्रंप का कड़ा विरोधी माना जाता हैं। रिपब्लिकन पार्टी के बीच उन्हें सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा हैं। नवंबर 2024 में आम चुनाव के मतपत्र पर रिपब्लिकन उम्मीदवार का सामना बिडेन से होगा।
- इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म ड्रीम11 के सीईओ हर्ष जैन को एसोसिएशन का नया चेयरपर्सन चुना हैं। इस पद पर उनका कार्यकाल दो साल तक होगा। हर्ष जैन ने इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया में गूगल इंडिया के वाइस प्रेजिडेंट और कंट्री मैनेजर संजय गुप्ता की जगह ली हैं।
- एक्सिस बैंक ने व्यापारियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक डेटा कैप्चर या पॉइंट ऑफ सेल टर्मिनलों को अपनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से एक क्रांतिकारी डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्लेटफॉर्म सारथी लॉन्च किया हैं। लंबी कागजी कार्रवाई ओर लंबी प्रतीक्षा अवधि की आवश्यकता को समाप्त करके, सारथी व्यापारियों को एक सुव्यवस्थित ओर परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करता है।
- पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग, चंडीगढ़ को स्कॉच सिल्वर अवार्ड 2023 प्रदान किया गया। यह देश में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट हैं। इस एप्लिकेशन का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को अपने पशुओं के इलाज, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान जैसी सेवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करना हैं।
- एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के नियंत्रण में बदलाव के लिए सेबी ने मंजूरी दी हैं। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के विलय के कारण, यह कदम एचडीएफसी बैंक को एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी पालन करने योग्य विनियमों के साथ नए मालिक बनने का रास्ता खोलता हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 25 मई (B) 27 मई
(C) 29 मई (D) 31 मई

**(D)** विश्व में हर साल 31 मई को तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता हैं। तंबाकू एक जानलेवा पदार्थ है। तंबाकू का उपयोग करने से हमारे शरीर में अनेक बीमारी उत्पन्न होती हैं। जिसकी वजह से छोटी-सी उम्र में कई सारे लोगों की जान चले जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में पहली बार विश्व तंबाकू निषेध दिवस को मनाया था। इसके बाद 1988 में WHA40.19 पारित किया गया।




**2. हाल ही में किस राज्य के विकास के लिए इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग अरूणाचल प्रदेश की स्थापना करेगा ?**

(A) अरूणाचल प्रदेश (B) आंध्रप्रदेश
(C) छत्तीसगढ़ (D) महाराष्ट्र

**(A)** राज्य के विकास को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नीति आयोग की मदद से अरूणाचल प्रदेश सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग अरूणाचल प्रदेश की स्थापना की जाएगी। इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग अरूणाचल प्रदेश राज्य के कायाकल्प के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों की मदद करेगा और अपनी क्षमताओं को आगे लाएगा।




**3. हाल ही में एआई सुपरकंप्यूटर ऐरावत को दुनिया में कौनसा स्थान मिला है ?**

(A) 51वां (B) 61वां
(C) 75वां (D) 77वां

**(C)** जर्मनी में अंतर्राष्ट्रीस सुपरकंप्यूटिंग सम्मेलन में शीर्ष 500 वैश्विक सुपरकंप्यूटिंग सूची के 61वें संस्करण में इसे 75वें स्थान पर रखा गया हैं। इसके सी-डैक, पुणे में स्थापित किया गया हैं। यह भारत सरकार द्वारा एआई पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत स्थापित किया गया हैं। 200 एआई पेटाफ्लॉप्स का ऐरावत पीओसी 210 एआई पेटाफ्लॉप्स के परम सिद्धि के साथ एकीकृत 410 एआई पेटाफ्लॉप्स मिक्स्ड प्रिसिजन की कुल पीक कंप्यूट प्रदान करता है।



**4. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 123 किससे संबंधित है ?**

(A) राज्यपाल की क्षमादान शक्ति
(B) अध्यादेश जारी करने की राज्यपाल की शक्ति
(C) राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति
(D) अध्यादेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति

**(D)** हाल ही में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि के संबंध में अधिकारियों के स्थानांतरण ओर पोस्टिंग के संबंध में एक अध्यादेश जारी किया। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 123 भारत के राष्ट्रपति को कानून बनाने की शक्तियां प्रदान करता है।




**5. हाल ही में किस राज्य सरकार ने 6000 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) गुजरात (D) केरल

**(A)** मध्यप्रदेश सरकार ने 6000 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की। राज्य में 6,000 से अधिक अवैध कॉलोनियों के निवासी लाभान्वित होंगे। इन कॉलोनियों के विकास के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी और टोकन के रूप में कुछ कॉलोनियों के निवासियों को 500 निर्माण अनुमति प्रमाण पत्र भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने इन अवैध कॉलोनियों के निवासियों को एक और बड़ी राहत देते हुए कहा कि इन अवैध कॉलोनियों के निवासियों से विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा।



**6. हाल ही में भारत को 2021 में 1.52 मिलियन की तुलना में 2022 में कितने मिलियन विदेशी पर्यटक आगमन प्राप्त हुए ?**

(A) 3.56 मिलियन (B) 4.85 मिलियन

(C) 5.25 मिलियन (D) 6.19 मिलियन

**(D)** केंद्र सरकार ने देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की हैं। इसमें देखो अपना देश, सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना, अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रमाणन कार्यक्रम और तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत वृद्धि अभियान प्रशाद शामिल हैं। आगंतुकों के आगमन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अतुल्य भारत! भारत भ्रमण वर्ष 2023 की शुरूआत की है।



**7. हाल ही में आईडीबीआई बैंक बोर्ड ने किसे उप प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है ?**

(A) जय प्रकाश (B) जयकुमार एस पिल्लई

(C) डॉ.के गोविंदराज (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** आईडीबीआई बैंक ने बैंक के बोर्ड में उप प्रबंध निदेशक के रूप में जयकुमार एस. पिल्लई की नियुक्ति को मंजूरी दे दी, कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग के माध्यम से घोषणा की। बैंक के निदेशक मंडल ने आरबीआई द्वारा अनुमोदित उनके कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए नियुक्ति को मंजूरी दी।




**8. हाल ही में किसने ग्रामीण भारत के लिए बहुभाषा AI चैटबॉट जुगलबंदी लांच किया है?**

(A) गूगल (B) फेसबुक

(C) इंस्टाग्राम (D) माइक्रोसॉफ्ट

**(D)** हाल ही में टेक जाइंट माइक्रोसॉफ्ट ने नए एआई जेनरेटिव चैटबॉट को लॉन्च करने की घोषणा कर दी हैं, जिसका नाम जुगलबंदी हैं। यह चैटबॉट ChatGPT जैसी एआई तकनीक पर काम करता है और इसे खासतौर पर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों व किसानों के लिए बनाया गया हैं। इस चैटबॉट का इस्तेमाल व्हाट्सऐप पर किया जा सकेगा।




**9. बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम किस मंत्रालय/संस्थान की एक पहल है ?**

(A) नीति आयोग (B) गृह मंत्रालय

(C) ग्रामीण विकास मंत्रालय (D) पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय

**(B)** हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम पर एक कार्यशाला का उद्घाटन किया। बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को अरूणाचल प्रदेश के सीमावर्ती गांव किबिथू में गृह मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम का लक्ष्य चीन के साथ सीमा पर बसे गांवों का व्यापक विकास करना और चिन्हित सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना हैं।




**10. निम्नलिखित में से कौनसा अल मोहद अल हिंदी 2023 नौसेना अभ्यास में भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा है ?**

(A) आईएनएस तरकश और आईएनएस सुभद्रा

(B) आईएनएस मगर और आईएनएस घड़ियाल

(C) आईएनएस तलवार और आईएनएस त्रिशुल

(D) आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस शिवालिक

**(A)** हाल ही में सऊदी अरब के पोर्ट अल-जुबैल पर भारत और सऊदी अरब के बीच मोहद अल हिंदी 2023 नौसेना अभ्यास शुरू हुआ। भारत की और से इस अभ्यास में भारतीय पश्चिमी नौसेना के बेड़े का प्रमुख पोत आईएनएस तरकश, आईएनएस सुभद्रा के साथ भाग ले रहा हैं।

